शक्ति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड

ग्राम- सिकठी, पंचायत- सिकठी, प्रखंड- भभुआ
जिला- कैमूर, बिहारपिनन. 821101

निबंधनसंख्या-

BR	01	04	03	W0	03	2021

पत्रांक:- BRLPS/SCLF/BBU/143/2024-25 दिनांक:- 23/09/2024

शक्ति दीदी की रसोई सदर अस्पताल(भभुआ) के लिए कैंटीन प्रबंधक हेतु विज्ञापन

क्रम संख्या	पद का नाम	पद की संख्या	मानदेय
1	कैंटीन प्रबंधक	01	20000-50000 तक अधिकतम * नियम एवं शर्ते लागु

कैंटीन प्रबंधक के चयन हेतु न्यूनतम आवश्यकता योग्यता:

1. उम्मीदवार होटल प्रबंधन/केटरिंग तकनीक (बैचलर आफ होटल मैनेजमेंट(BHM)/ बैचलरइन होटल मैनेजमेंट एंड केटरिंग टेक्नोलॉजी (BHMCT)/ बीबीए इन होटल मैनेजमेंट /होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा) में उतीर्ण
2. जीविका दीदी की रसोई जहाँ सस्थागत बिक्री की संख्या (महीने के कुल मरीज/छात्र के बिक्री की संख्या) 50 से 500 होगी, उसमें आवेदन हेतु उम्मीदवार के कैंटीन ,होटल एवं रेस्टोरेंट के प्रबंधक का कम से कम दो वर्षो का अनुभव होना अनिवार्य है|
3. जीविका दीदी की रसोई जहाँ संस्थागत बिक्री की संख्या (महीने के कुल मरीज/छात्र के बिक्री की संख्या) 501 से 700 होगी, उसमें आवेदन हेतु उम्मीदवार पास कैंटीन, होटल एवं रेस्टोरेंट के प्रबंधक का कम से कम तीन वर्षो का कार्य अनुभव अनिवार्य है|
4. जीविका दीदी की रसोई जहाँ संस्थागत बिक्री की संख्या 701 या उससे अधिक होगी, उसमें आवेदन हेतु उम्मीदवार के पास कैंटीन ,होटल एवं रेस्टोरेंट के प्रबंधक का कम से कम पांच वर्षो का कार्य अनुभव अनिवार्य है|
5. विज्ञापन जारी होने की तिथि को उनकी उम्र 21 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए|
6. किसी भी सार्वजानिक पद अथवा चयनित प्रतिनिधि (मुखिया /पंचायत समिति सदस्य/पंच/सरपंच/वार्ड सदस्य/अन्य किसी पद) के पद पर कार्यरत नहीं होनी चाहिए|

कैंटीन प्रबंधक का चयन साक्षात्कार के द्वारा किया जाएंगा:-

चयन प्रक्रिया- कुल 50 अंको का चयन प्रक्रिया होगी,जिसमें अंक निम्नलिखित रूप से होगी:-

साक्षात्कार(30 अंक):- साक्षात्कार के लिए अधिकतम 30 अंक होंगे|

अनुभव (20 अंक) :- अनुभव के आधार पर प्रत्येक वर्ष के लिए दो अंक दिए जायेंगे| जो अधिकतम 20 अंक होगा| उदाहरण स्वरूप यदि किसी का 10 वर्षो का अनुभव है ,तो उसे 20 अंक प्राप्त होगा|

शक्ति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि0
ग्राम+पंचायत-सिकठी, प्रखंड-भभुआ(कैमूर)
अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष
निर्मला देवी

यदि एक से अधिक उम्मीदवारो को सामान अंक प्राप्त होते है , तो इस स्थिति में उस उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगी, जिसका कार्य अनुभव किसी सरकारी संस्थानो में संचालित कैंटीन के संचालन/प्रबंधन में होगा।

कैंटीन प्रबंधक का चयन:- नोडल संकुल संघ द्वारा संचालित जीविका दीदी की रसोई के संचालन हेतु आवश्यकता अनुसार कैंटीन प्रबंधक का चयन करेंगे। चयन के उपरांत संकुल संघ द्वारा कैंटीन प्रबंधक के साथ Rs.100 मात्र के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर इकरारनामा किया जायेगा | इकरारनामा में कैंटीन प्रबंधक द्वारा किये जाने वाले कार्यो की जिम्मेदारी ,मानदेय भुगतान की प्रक्रिया, मूल्यांकन प्रक्रिया तथा उनके कार्यो से सेवा समाप्ति का स्पष्ट उल्लेख होगा। कैंटीन प्रबंधक का इकरारनामा 11 माह की अवधि के लिए की जाएगी।

कैंटीन प्रबंधक का कार्यालय :-

कैंटीन प्रबंधक की परिवीक्षा अवधि तथा परिवीक्षा संपुष्टि

कैंटीन प्रबंधक की परिवीक्षा अवधि (probation Period) छह माह की होगी।

संकुल संघ /चयन समिति द्वारा कैंटीन प्रबन्धक के परिवीक्षा अवधि के दौरान सम्पादित किये गए कार्य की गहन समीक्षा और मूल्यांकन करेंगें तत्पश्चात सेवा विस्तार की जाएगी। परिवीक्षा अवधि के दौरान कैंटीन प्रबंधक के मानदेय भुगतान मासिक रूप से किया जायेगा। चयनित कैंटीन प्रबंधक को राज्य भर में संचालित किसी भी संस्थान में पदस्थापित किया जा सकता है तथा उन्हें आवश्यकता अनुसार जिला एवं राज्य स्तर पर जीविका दीदी की रसोई के तकनिकी सहायता और अनुश्रवण के कार्य के साथ ही उन्हें संबधित जीविका दीदी की रसोई के प्रबंधन का प्रभार भी दिया जा सकता है।

- सिर्फ SHORT LISTED अभियाथियों को ही साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा।
- आवश्यकता अनुसार नियुक्ति प्रक्रिया को CLF के द्वारा किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकता है।
- महिला एवं पुरुष अभियार्थी आवेदन के पात्र होंगे।
- आवश्कता अनुसार चयनित उमीदवार को सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे की अवधि में काभी भी उनकी सेवा ली जा सकती है।
- चयनित उमीदवार को कैंटीन से 2 KM क्षेत्र के अन्दर अपना निवास में रहना सुनिश्चित करना होगा।

आवेदन प्रारम्भ की तिथि :- 23/09/2024 ; 10 AM

आवेदन समाप्ति की तिथि :- 06/10/2024 ; 5 PM

आवेदन जमा करने का पता-: **शक्ति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि.**
ग्राम+ पंचायत:- **सिकठी, प्रखंड**:-**भभुआ**
मोबाइल नम्बर:- 7482883548
Email id: - dkrbhabua@gmail.com

नोट:- आवेदन उक्त पते या ईमेल पर पोस्ट के द्वारा या हाथो-हाथ या ईमेल के माध्यम से भेजा जा सकता है।

शक्ति जीविका महिला विकास स्वावलम्बी सहकारी समिति लि०
ग्राम+पंचायत-सिकठी प्रखण्ड-भभुआ(कैमूर)
अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष